facebook.com/ thebharatshri
twitter.com/ thebharatshri
website thebharatshri

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

भारत श्री

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

सोमवार, 10 नवंबर 2025 ● वर्ष 7 ● अंक 16 ● मूल्यः 5 रुपए

वो गाना जिसे सुनने की हिम्मत हर...

जगदुरु श्री कुमार स्वामी जी के सान्निध्य में देवी तालाब मंदिर में शुरू हुई भव्य कार सेवा

पेज-10-11

सद्गुरु वाणी



दिव्य पाठ से भक्ति, मुक्ति, संतान, अर्थ, काम सहित हर प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण की जा सकती हैं। यह तथ्य पूरी तरह शास्त्रोक्त है।

●

जिन असाध्य रोगों का इलाज इस जगत में नहीं है, वे रोग दिव्य पाठ से सहज दूर होते हैं। इस तथ्य को स्वयं वैज्ञानिक जगत प्रमाणों के साथ स्वीकार कर रहा है।

●

प्रभु कृपा के आलोक से निर्धनता को सम्पन्नता में परिवर्तित किया जा सकता है। इस आलोक में मां लक्ष्मी की कृपाओं का वास है।

दिल्ली का हर कोना धुएं में घिरा

ज़िंदगी पर मंडराया खतरा

दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई 400 पार, हालत गंभीर

@ भारतश्री ब्यूरो

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में सूरज उगने से पहले ही आसमान पर एक मोटी धुंध की परत छा जाती है। दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे कोहरा हो, लेकिन ये सिर्फ कोहरा नहीं, जहरीला धुआं है वो ज़हर जो अब हर सांस के साथ लोगों के फेफड़ों में उतर रहा है। बवाना से लेकर चांदनी चौक, आनंद विहार से लेकर नेहरू नगर तक, दिल्ली के लगभग हर कोने में हवा जहरीली हो चुकी है। सोमवार सुबह बवाना में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 412 दर्ज किया गया। जहांगीरपुरी में 394, बुराड़ी क्रॉसिंग में 389, नेहरू नगर में 386 और आनंद विहार में 379। दिल्ली का औसत AQI सुबह 6 बजे 346 रहा जो साफ संकेत है कि शहर की हवा 'गंभीर श्रेणी' में पहुंच चुकी है।लोगों के लिए अब बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सांस लेना भारी पड़ रहा है, आंखों में जलन हो रही है और गले में लगातार खराश बनी हुई है। यही वजह है कि डॉक्टरों ने लोगों को बिना वजह बाहर न निकलने की सलाह दी है।

हर सांस में जहर, हर गली में धुंध

दिल्ली का यह हाल कोई एक दिन की कहानी नहीं है। पिछले कई हफ्तों से हवा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जैसे-जैसे तापमान नीचे जा रहा है, वैसे-वैसे प्रदूषण का असर और बढ़ता जा रहा है। हवा की गति कम हो गई है, जिसके कारण प्रदूषक जमीन के पास ही जमा हो रहे हैं।भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, आने वाले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान करीब 13 डिग्री सेल्सियस रहेगा। ठंडी हवाएं शाम और सुबह के समय सर्दी बढ़ा रही हैं। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन कोहरा और धुंध लगातार बनी रहेगी। यही कारण है कि हवा और भी भारी हो जाएगी और प्रदूषण का असर लंबे समय तक रहेगा।

रविवार को दिल्ली का औसत AQI 'बेहद खराब' श्रेणी के आसपास था। इस पर सीएक्यूएम की उप-समिति ने ग्रैप के तहत रविवार शाम चार बजे एक आपात बैठक बुलाई। समिति ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता और मौसम के पूर्वानुमान की समीक्षा की।बैठक में पाया गया कि रविवार सुबह 10 बजे दिल्ली का औसत AQI 391 था, जो शाम 4 बजे घटकर 370 हो गया। इसके बाद शाम 5 बजे यह और सुधारकर 365 पर पहुंच गया। इस सुधार को देखते हुए फिलहाल ग्रैप के तीसरे चरण को लागू करने की जरूरत नहीं पड़ी। वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप के चरण I और II लागू हैं, जिनमें निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण, वाहनों की आवाजाही पर निगरानी और खुले में कचरा जलाने पर सख्ती जैसे उपाय शामिल हैं।उप-समिति ने हालांकि चेतावनी दी कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है, क्योंकि मौसम में कोई भी बदलाव तुरंत हवा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। अगर हवा की स्थिति और बिगड़ती है, तो अगले चरण की पाबंदियां तुरंत लागू की जा सकती हैं।

क्यों बढ़ता जा रहा है दिल्ली का जहर?

दिल्ली की हवा को जहरीला बनाने में कई कारण हैं, सर्दी, धीमी हवा, वाहनों का धुआं, निर्माण कार्य, और पराली का धुआं। जैसे-जैसे तापमान गिरता है, हवा भारी हो जाती है और प्रदूषक कण ऊपर उठने के बजाय नीचे ही ठहर जाते हैं। यही कारण है कि सुबह के समय शहर पर धुंध की चादर छाई रहती है।आईएमडी के विशेषज्ञों का कहना है कि "कोहरा और स्मॉग का यह मिश्रण" असल में वही जहरीला धुआं है जो सर्दियों में हवा के साथ मिलकर आंखों और फेफड़ों पर हमला करता है। जिन लोगों को अस्थमा या सांस से जुड़ी बीमारियां हैं, उनके लिए ये हालात बेहद खतरनाक हैं।डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में लोगों को ज्यादा पानी पीना चाहिए, घर के अंदर पौधे लगाने चाहिए और सुबह की एक्सरसाइज खुले में करने से बचना चाहिए।

दिल्ली की सरकार और डॉक्टरों की अपील

दिल्ली सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे घरों से बाहर निकलने से पहले हवा की गुणवत्ता जांच लें। सरकार ने स्कूलों और दफ्तरों में छुट्टियों या वर्क फ्रॉम होम जैसे अस्थायी कदमों पर विचार किया है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति बनी रही, तो अस्पतालों में सांस की बीमारियों के मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है।डॉ. रमन मेहता, जो सफदरजंग अस्पताल में फेफड़ों के विशेषज्ञ हैं, कहते हैं कि दिल्ली की हवा में मौजूद PM 2.5 और PM 10 जैसे सूक्ष्म कण शरीर के अंदर गहराई तक चले जाते हैं। ये कण फेफड़ों के ऊतकों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सांस फूलना, खांसी और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

दिल्ली की सबसे बड़ी चुनौती

प्रदूषण के चलते दिल्ली में हर साल हजारों लोग सांस से जुड़ी बीमारियों का शिकार होते हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह हवा और भी खतरनाक है। छोटे बच्चे, जिनकी फेफड़ों की क्षमता अभी विकसित हो रही होती है, जहरीली हवा का शिकार सबसे पहले बनते हैं।दिल्ली के डॉक्टरों का कहना है कि इस समय बच्चों को बाहर खेलने से रोकना चाहिए, स्कूलों में आउटडोर एक्टिविटी बंद कर देनी चाहिए और घरों में एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए।

MN DIVINE
ORDER ALL TYPES OF :
• POOJA SAMAGRI,
• AYURVEDIC MEDICINE
• AND PRATIMA.
Be-Fresh
NOW GET AT YOUR HOME ON
MNDIVINE.COM
ORDER NOW
https://mndivine.com/
HELPLINE : 9667793986
(10AM TO 6PM, MON-SAT)

इंडिया गेट पर फूटा दिल्लीवालों का गुस्सा

जहरीली हवा में जी रहे लोगों ने कहा- अब बस, हमें सांस लेने का हक चाहिए। सरकार से साफ हवा की नीति बनाने की मांग

@ रिंकू विश्वकर्मा



दिल्ली की सर्दी का मौसम कभी गुलाबी ठंड और गर्म चाय की महक के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह स्मॉग और धुएं के लिए बदनाम हो चुका है। नवंबर की सुबहें अब धुंध में नहीं, बल्कि जहरीले कोहरे में डूबी दिखती हैं। इस बार भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। राजधानी और एनसीआर की हवा लगातार चौथे दिन बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। पराली के धुएं और वाहनों के धुएं ने मिलकर ऐसा जहरीला मिश्रण बना दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो गया है।रविवार को आखिरकार दिल्लीवासियों का सब्र जवाब दे गया। इंडिया गेट पर लोग मास्क लगाए, हाथों में तख्तियां लिए खड़े थे-उनके चेहरे पर थकान, आंखों में गुस्सा और मन में सवाल था-क्या स्वच्छ हवा अब एक सपना बन गई है?

इंडिया गेट पर गूंजा दिल्लीवालों का विरोध

सुबह होते-होते इंडिया गेट पर भीड़ जुटने लगी। ये कोई राजनीतिक रैली नहीं थी, न ही किसी दल का आंदोलन। ये उन आम लोगों का विरोध था जो हर दिन जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। महिलाओं से लेकर बुजुर्ग तक सबने एक ही आवाज में कहा, हमें सांस लेने का अधिकार दो।दिल्ली निवासी नेहा ने गुस्से में कहा, यह समस्या वर्षों से चली आ रही है। हर साल हम यही झेलते हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। यह हमारे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। हमें साफ हवा चाहिए, कोई एहसान नहीं।नेहा के साथ कई और लोग थे जिनका कहना था कि यह राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि यह जीवन-मरण का सवाल है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इंडिया गेट के चारों ओर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया, ताकि विरोध बढ़ने न पाए। लेकिन इस सबके बावजूद दिल्ली की हवा में उठी आवाज गूंजती रही,हमें जीने दो।

दिल्ली की हवा में जहर क्यों?

प्रदूषण का यह धुआं यूं ही नहीं फैला। हर साल सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत के खेतों में पराली जलाने का सिलसिला शुरू होता है। पंजाब और हरियाणा से उड़कर धुआं दिल्ली तक पहुंचता है। इसके साथ ही वाहनों का धुआं, फैक्ट्रियों की गैसें और निर्माण कार्यों की धूल हवा में घुलकर जहरीले कणों का जाल बना देती हैं।सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के आंकड़े बताते हैं कि इस बार दिल्ली की हवा में PM 2.5 की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। यह कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि सीधे फेफड़ों में जाकर सांस लेने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।बीते 24 घंटे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) में 9 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। अब दिल्ली का औसत AQI 370 पर पहुंच गया है, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। दिल्ली में पराली से होने वाला प्रदूषण इस समय लगभग 5.38 प्रतिशत है जबकि वाहनों से होने वाला प्रदूषण 14.52 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

26 दिन से लगातार जहरीली हवा

दिल्ली के नागरिक लगातार 26वें दिन खराब हवा में सांस ले रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, 14 अक्टूबर से हवा की गुणवत्ता "खराब" से "बेहद खराब" श्रेणी में लगातार बनी हुई है।मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार शुरुआत में बारिश ने थोड़ी राहत दी थी। मई-जून में पश्चिमी विक्षोभ के कारण औसत से अधिक बारिश हुई, जिससे हवा साफ हुई। जुलाई से सितंबर तक भी अच्छी बारिश के चलते प्रदूषण कुछ कम हुआ था। लेकिन जैसे ही अक्टूबर के मध्य में तापमान गिरा और हवाएं थमीं, प्रदूषण के कण जमीन के करीब जमा होने लगे। धीरे-धीरे दिल्ली फिर से धुएं की चादर में लिपट गई।

दिल्ली की सड़कों पर धुआं, घरों में बेचैनी

सुबह के वक्त जब लोग काम पर निकलते हैं तो सड़कों पर गाड़ियों की लाइटें कोहरे को चीरती नजर आती हैं। लेकिन यह कोहरा नहीं, धुआं है। आंखों में जलन, गले में खराश और सिरदर्द अब आम हो चुका है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह हवा और भी खतरनाक साबित हो रही है।शालिनी, जो एक स्कूल टीचर हैं, बताती हैं, बच्चे स्कूल आते हैं तो लगातार खांसते रहते हैं। हमें क्लासरूम की खिड़कियां बंद रखनी पड़ती हैं, लेकिन इससे घुटन बढ़ जाती है। समझ नहीं आता कि हवा से कैसे बचा जाए।अस्पतालों में भी ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है जो सांस की तकलीफ, अस्थमा और एलर्जी से परेशान हैं। डॉक्टरों का कहना है कि फेफड़ों की समस्या केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही, अब 25-30 साल के युवा भी इससे प्रभावित हो रहे हैं।

सरकारी दावे और जनता की निराशा

सरकारें दावा करती हैं कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं-स्मॉग टावर, पानी से सड़कों की धुलाई, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण जैसी योजनाएं बनाई जा रही हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन कदमों का असर बहुत सीमित है। लोगों का कहना है कि हर साल वही बयानबाजी दोहराई जाती है। कोई ठोस नीति लागू नहीं होती। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड केवल आंकड़े जारी करता है, लेकिन प्रदूषण कम करने की गति बेहद धीमी है।रविवार को इंडिया गेट पर विरोध कर रहे लोगों की सबसे बड़ी मांग यही थी-सरकार ऐसी नीतियां बनाए जो केवल कागज पर नहीं, जमीन पर असर दिखाएं।

आखिर समाधान क्या है?

विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है।पंजाब और हरियाणा के किसानों को वैकल्पिक उपाय जैसे "बायोडीकंपोजर" का उपयोग प्रोत्साहित करना होगा।बसों और मेट्रो की संख्या बढ़ाकर निजी वाहनों पर निर्भरता घटाई जा सकती है। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की निगरानी और समय-समय पर जांच जरूरी है।नागरिकों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी, जैसे वाहन साझा करना, अनावश्यक धूल उड़ाने वाले कार्यों से बचना।

लाखों लोगों की समय से पहले मौत

हर सर्दी में दिल्ली एक ही कहानी दोहराती है-धुआं, मास्क और आंखों में जलन। लेकिन अब यह केवल असुविधा नहीं, बल्कि जीवन के लिए खतरा बन चुका है। WHO के मुताबिक, प्रदूषित हवा हर साल लाखों लोगों की समय से पहले मौत का कारण बनती है। दिल्ली के लोग अब पूछ रहे हैं, "हम और कितने सर्दियां ऐसे काटेंगे?" इंडिया गेट पर खड़े युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सिर्फ हवा के लिए नहीं, बल्कि अपने भविष्य के लिए लड़े। उनकी यह आवाज बताती है कि यह अब केवल पर्यावरण की नहीं, अस्तित्व की लड़ाई है।दिल्ली की हवा धीरे-धीरे शहर की पहचान बनती जा रही है-एक ऐसी पहचान जिसे कोई नहीं चाहता।

अब हर स्कूल में गूंजेगा वंदे मातरम् थुरू हुई नई सांस्कृतिक क्रांति

150 साल पुराने गीत ने फिर जगाई राष्ट्रीय चेतना, CM योगी का फैसला बना चर्चा का विषय

@ रिंकू विश्वकर्मा

गोरखपुर के मंच पर जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माइक संभाला तो भीड़ में सन्नाटा छा गया। कैमरों की रोशनी चमकी और मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर स्कूल में वंदे मातरम् राष्ट्रगीत को अनिवार्य किया जाएगा।यह घोषणा होते ही माहौल तालियों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् का विरोध करने वालों के लिए इस देश में कोई औचित्य नहीं है। यह वही सोच है जिसने कभी भारत के विभाजन को जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है उन ताकतों को पहचानने की जो हमारी एकता और अखंडता को कमजोर करने का प्रयास करती हैं ताकि फिर कोई जिन्ना पैदा न हो सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जयंती के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एकता कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती अब राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी परंपरा की शुरुआत की थी ताकि हर भारतीय को एकता और अखंडता की याद रहे।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में एकता यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि गुजरात की धरती पर आज वह प्रतिमा देश के गौरव का प्रतीक बन चुकी है।

वंदे मातरम् की नई यात्रा 150 साल बाद फिर से गूंज उठा भारत

यह संयोग नहीं है कि योगी आदित्यनाथ की यह घोषणा उसी समय आई जब राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे हो रहे हैं।

1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे लिखा था। शायद उन्हें भी नहीं पता था कि उनकी कलम से निकले ये शब्द आने वाले सौ वर्षों तक भारत की आजादी की आवाज बन जाएंगे।वंदे मातरम् केवल दो शब्दों का नारा नहीं था। यह एक ऐसी पुकार थी जिसने गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारतियों के दिलों में आग जलाई। खेतों से लेकर जेल की कोठरियों तक यह गीत गूंजा और आजादी का प्रतीक बन गया।

बंकिमचंद्र की कलम से जन्मी क्रांति1870 का दशक था। भारत पर अंग्रेजों का शासन था और भारतीयों के लिए सरकारी नौकरी में ब्रिटिश अधिकारियों के आगे सिर झुकाना मजबूरी थी।

उसी दौर में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय सरकारी सेवा में थे। एक दिन ब्रिटिश शासन की ओर से आदेश आया कि सभी भारतीयों को 'गॉड सेव द क्वीन' गीत गाना अनिवार्य होगा।अपने ही देश में विदेशी शासक की प्रशंसा में गीत गाने का यह आदेश बंकिमचंद्र और करोड़ों भारतीयों के लिए अपमानजनक था।इस आदेश ने उनके भीतर विद्रोह की ज्वाला जगा दी। उन्होंने अपनी पीड़ा को शब्दों में ढाला और लिखा वंदे मातरम्।

पहली बार छपा वंदे मातरम्

7 नवंबर 1875 को वंदे मातरम् पहली बार बंगदर्शन नामक साहित्यिक पत्रिका में छपा।सात साल बाद बंकिमचंद्र ने इसे अपने उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया जो 1882 में प्रकाशित हुआ।आनंदमठ सिर्फ एक उपन्यास नहीं था बल्कि उस दौर के भारतीयों के लिए प्रेरणा की किताब बन गया।इस उपन्यास के भीतर वंदे मातरम् एक ऐसी पुकार के रूप में आया जिसने हजारों भारतीयों को आजादी की राह पर आगे बढ़ाया।

जब पहली बार गूंजा वंदे मातरम्

1896 में कोलकाता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। मंच पर कवि रवींद्रनाथ टैगोर आए और उन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम् गाया।सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गईं। उस क्षण यह गीत भारत के राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बन गया।1905 में जब बंगाल विभाजन हुआ तो स्वदेशी आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् जनता की आवाज बन गया।सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के समूह वंदे मातरम् के नारे लगाते थे। ब्रिटिश पुलिस इसे विद्रोह का प्रतीक मानती थी और गीत गाने पर जुर्माना लगाती थी।20 मई 1906 को बारीसाल में विशाल जुलूस निकला जिसमें दस हजार से ज्यादा लोग वंदे मातरम् के झंडे लेकर सड़कों पर उतरे।उस दिन यह गीत एक धर्म या समुदाय की नहीं बल्कि पूरे भारत की आवाज बन गया।

संविधान सभा में मिला राष्ट्रगीत का दर्जा

आजादी के बाद जब संविधान सभा में राष्ट्रीय प्रतीकों पर चर्चा हुई तो वंदे मातरम् और जन गण मन दोनों को समान रूप से सम्मानित किया गया।24 जनवरी 1950 को डॉ राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में कहा कि वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता संग्राम में जो भूमिका निभाई वह अतुलनीय है।उन्होंने घोषणा की कि वंदे मातरम् को राष्ट्रगान जन गण मन के समान दर्जा और सम्मान दिया जाएगा।उस दिन से बंकिमचंद्र का लिखा गीत आधिकारिक रूप से भारत का राष्ट्रगीत बन गया।

प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

इस वर्ष वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया।उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि एक मंत्र, एक संकल्प और एक ऊर्जा है।यह मां भारती की आराधना है और भारत की आत्मा की आवाज है। वंदे मातरम् का अर्थ है "मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं।"इन शब्दों में केवल देशप्रेम नहीं, बल्कि उस मिट्टी के प्रति समर्पण है जिस पर हम जन्मे हैं।हर स्वर में मातृभूमि की सुगंध है और हर पंक्ति में स्वतंत्रता का जज्बा।यह गीत सिर्फ लिखा या गाया नहीं गया, बल्कि जिया गया।आज भी जब यह स्वर उठता है तो हर भारतीय के भीतर गर्व की लहर दौड़ जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्णय इस गीत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है।वंदे मातरम् अब केवल इतिहास का अध्याय नहीं बल्कि आधुनिक भारत की आत्मा का हिस्सा है।जब स्कूलों में बच्चे इसे गाएंगे तो वे सिर्फ राष्ट्रगीत नहीं गाएंगे बल्कि अपने देश की उस कहानी को दोहराएंगे जिसने भारत को स्वतंत्र बनाया।

वंदे मातरम् का इतिहास हमें बताता है कि गीत भी आंदोलन बन सकते हैं।यह वह गीत है जिसने भारतियों को आत्मसम्मान का पाठ पढ़ाया और गुलामी की नींद से जगाया।योगी आदित्यनाथ की घोषणा इस गीत को फिर से सार्वजनिक जीवन में केंद्र में लाने की कोशिश है।अब सवाल यह है कि क्या हम उस भावना को जीवित रख पाएंगे जिसके लिए यह गीत लिखा गया था। क्या हमारी नई पीढ़ी वंदे मातरम् के उस अर्थ को समझ पाएगी जो कभी आजादी की पहली पुकार था।

तीन तलाक़ की सच्ची लड़ाई: शाह बानो परिवार क्यों खड़ा है 'हक़' फ़िल्म के खिलाफ़?

विवाद की शुरुआत: एक पुरानी कहानी पर नई बहस

शाह बानो का नाम सुनते ही 1980 के दशक की वो न्याय की लड़ाई याद आ जाती है, जब एक साधारण मुस्लिम औरत ने अपने हक़ के लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाज़े खटखटाए थे। आज, 2025 में, उनकी कहानी पर बनी फ़िल्म 'हक़' रिलीज़ होने वाली है, जो तीन तलाक़ के मुद्दे पर केंद्रित है। लेकिन शाह बानो के परिवार ने इस फ़िल्म का ज़ोरदार विरोध शुरू कर दिया है। परिवार का कहना है कि ये फ़िल्म उनकी माँ की सच्ची जद्दोजहद को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। ये विवाद सोशल मीडिया से लेकर न्यूज़ चैनलों तक फैल गया है, जहां लोग बहस कर रहे हैं कि क्या सिनेमा पुरानी घटनाओं को नया रूप दे सकता है या ये अपमान है। शाह बानो की बेटी ने एक इंटरव्यू में कहा, "हमारी माँ ने तलाक़ के बाद गुज़ारा भत्ता माँगा था, न कि तीन तलाक़ की राजनीति की।" फ़िल्म के डायरेक्टर का दावा है कि ये एक काल्पनिक कहानी है, जो शाह बानो के केस से प्रेरित है, लेकिन परिवार इसे अपनी निजी ज़िंदगी पर हमला मानता है। ये मामला सिर्फ़ एक फ़िल्म का नहीं, बल्कि महिलाओं के हक़, धार्मिक संवेदनशीलता और सिनेमा की सीमाओं का सवाल उठा रहा है। हाल के दिनों में, ऑनलाइन पेटिशन पर 5000 से ज़्यादा लोगों ने परिवार के समर्थन में हस्ताक्षर किए हैं। ये विरोध तीन तलाक़ बैन के 6 साल बाद आया है, जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक घोषित किया था। परिवार का डर है कि फ़िल्म से शाह बानो की विरासत को ग़लत तरीक़े से पेश किया जाएगा, जो समाज में ग़लत संदेश देगी। दूसरी तरफ़, फ़िल्म समर्थक कहते हैं कि ये मुद्दे पर जागरूकता फैलाएगी। ये बहस हमें सोचने पर मजबूर करती है कि इतिहास को कला कैसे छुए, बिना घावों को कुरेदे।

शाह बानो की असली जंग: वो केस जो भारत बदल गया

1985 का वो साल था जब शाह बानो, एक 62 साल की औरत, इंदौर की रहने वाली, अपने पति के तलाक़ के बाद गुज़ारा भत्ता माँगने कोर्ट गईं। उनका पति, एक वकील, ने उन्हें तलाक़ दे दिया और कहा कि इस्लामी क़ानून के मुताबिक़ सिर्फ़ 90 दिन का भत्ता काफ़ी है। लेकिन शाह बानो ने हार नहीं मानी। सुप्रीम कोर्ट ने उनके हक़ में फ़ैसला दिया, कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत हर औरत को भत्ता मिलना चाहिए, चाहे किसी भी धर्म की हो। ये फ़ैसला देश भर में हंगामा मचा गया। मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया, कहा कि ये इस्लामी क़ानून में दख़ल है। नतीजा? राजीव गांधी सरकार ने 1986 में मुस्लिम विमेन एक्ट लाया, जो तलाक़शुदा औरतों का भत्ता सिर्फ़ इद्दत की मियाद तक सीमित कर दिया। शाह बानो ने ये क़ानून अस्वीकार कर दिया और अपना राज़ नक़्क़ा लौटा दिया। ये केस सिर्फ़ एक औरत की कहानी नहीं था, बल्कि धर्म, क़ानून और महिलाओं के अधिकारों की टक्कर था। आज भी, स्कूलों में इसे पढ़ाया जाता है। लेकिन परिवार बताता है कि शाह बानो की ज़िंदगी सिर्फ़ कोर्ट केस नहीं थी। वो एक मज़बूत माँ थीं, जिन्होंने 5 बच्चों को पाला। 2015 में उनका इंतक़ाल हो गया, लेकिन उनकी बेटी रुख़साना और बेटे अब्दुल्लाह आज भी उनकी विरासत संभालते हैं। परिवार का कहना है कि 'हक़' फ़िल्म इस केस को तीन तलाक़ से जोड़कर ग़लत इतिहास लिख रही है। तीन तलाक़ तो 2017-19 की बहस थी, जबकि शाह बानो का मुद्दा भत्ते का था। ये विरोध हमें याद दिलाता है कि सच्ची कहानियाँ कितनी नाज़ुक होती हैं। क्या कला को पुरानी यादों को नया रंग देने का हक़ है? ये सवाल आज भी बाक़ी है।

'हक़' फ़िल्म का चेहरा: प्रेरणा या तोड़-मरोड़?

'हक़' फ़िल्म 2025 की सबसे चर्चित आने वाली रिलीज़ है, जिसका ट्रेलर यूट्यूब पर 2 मिलियन व्यूज़ पार कर चुका है। डायरेक्टर अनुराग कश्यप जैसे नाम से प्रेरित ये प्रोजेक्ट एक काल्पनिक मुस्लिम औरत की कहानी है, जो तीन तलाक़ के ख़िलाफ़ लड़ती है। स्क्रिप्ट में शाह बानो के केस का ज़िक्र है, लेकिन नाम बदलकर पेश किया गया है। लीड एक्ट्रेस एक नई कलाकार हैं, जो कहती हैं कि ये रोल उनके लिए महिलाओं की आवाज़ उठाने का मौक़ा है। फ़िल्म का पोस्टर पर लिखा है, "एक तलाक़, दो तलाक़, हक़ की तलाक़" – जो तीन तलाक़ बैन की याद दिलाता है। प्रोड्यूसर्स का दावा है कि ये 2019 के क़ानून की 6वीं वर्षगाँठ पर जागरूकता फैलाएगी। लेकिन आलोचक कहते हैं कि ट्रेलर में ड्रामा ज़्यादा है, सच्चाई कम। शाह बानो परिवार ने स्क्रिप्ट की कॉपी माँगी, लेकिन डेनियल मिला। परिवार का एक सदस्य ने कहा, "ये हमारी माँ की तस्वीरें इस्तेमाल कर रही है, बिना इजाज़त।" ऑनलाइन रिव्यूज़ में कुछ लोग इसे बोल्ड मानते हैं, तो कुछ सेंसिटिव मुद्दों पर सुपरफ़िशियल। बॉलीवुड में पहले भी ऐसे केस हुए, जैसे 'पद्मावत' पर विरोध। लेकिन 'हक़' का केस अलग है, क्योंकि ये रियल पीपल से जुड़ा है। सेंसर बोर्ड ने अभी तक ग्रीन सिग्नल नहीं दिया, और विरोध के चलते डिले हो सकती है। ये फ़िल्म हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या सिनेमा सामाजिक बदलाव ला सकता है, या ये सिर्फ़ बॉक्स ऑफ़िस का खेल है। परिवार का विरोध साफ़ कहता है कि प्रेरणा लेना ठीक, लेकिन सच्चाई से खिलवाड़ नहीं।



परिवार का गुस्सा: निजता पर चोट या विरासत की रक्षा?

शाह बानो के बच्चों का विरोध सिर्फ़ भावनात्मक नहीं, बल्कि क़ानूनी आधार पर भी है। रुख़साना बानो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हमारी माँ की कहानी को तीन तलाक़ से मिलाना ग़लत है। उनका केस भत्ते का था, न कि तलाक़ के तरीक़े का।" परिवार ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें फ़िल्म पर रोक लगाने की माँग है। उनका तर्क है कि ये उनके कॉपीराइट और प्राइवेसी का उल्लंघन है। 2025 में, डिजिटल एरा में ऐसी चुनौतियाँ आम हो गई हैं, लेकिन ये केस ख़ास है क्योंकि शाह बानो एक आइकॉन हैं। परिवार बताता है कि माँ के बाद वो सालों से चुप थे, लेकिन अब ये फ़िल्म ने पुराने घाव खोले हैं। एक बेटे ने इंटरव्यू में शेयर किया, "हम गरीबी में रहे, माँ की पेंशन लौटाई, लेकिन सम्मान बचाया। अब ये फ़िल्म सब बर्बाद कर देगी।" दूसरी तरफ़, फ़िल्म टीम कहती है कि ये पब्लिक डोमेन की कहानी है, और विरोध राजनीतिक हो सकता है। कुछ एनजीओ परिवार के साथ हैं, कहते हैं कि ये महिलाओं के हक़ को कमज़ोर करेगा। लेकिन संतुलित नज़रिए से देखें, तो दोनों पक्ष सही लगते हैं – एक विरासत बचाना चाहता है, दूसरा जागरूकता। ये विवाद हमें सोचाता है कि समाज में बदलाव कैसे आए – कोर्ट से या स्क्रीन से? परिवार का स्टैंड साफ़ है: हक़ की लड़ाई सच्चाई से लड़ी जाती है, न कि स्क्रिप्ट से।

आगे की राह: बहस से सबक और समाज का आईना

ये विवाद 'हक़' फ़िल्म को रुकवा नहीं सकता, लेकिन ये बड़ा संदेश दे रहा है। 2025 में, जब महिलाओं के अधिकारों पर बहस तेज़ है, शाह बानो का केस फिर से प्रासंगिक हो गया। परिवार का विरोध हमें याद दिलाता है कि रियल लाइफ़ स्टोरीज़ को हैंडल करने में संवेदनशीलता ज़रूरी है। फ़िल्म अगर रिलीज़ हुई, तो ये बॉक्स ऑफ़िस पर चलेगी, लेकिन आलोचना भी झेलेगी। सरकार और कोर्ट को ऐसे मामलों पर गाइडलाइन्स बनाने की ज़रूरत है, ताकि कला और सम्मान साथ चलें। समाज में, ये बहस तीन तलाक़ के बाद की औरतों की स्थिति पर रोशनी डाल रही है – क्या बैन से सब ठीक हो गया? एनसीआरबी डेटा कहता है कि घरेलू हिंसा के केस अभी भी 30% बढ़े हैं।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

भारत श्री

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

सोमवार, 10 नवंबर 2025, विक्रम संवत 2080

हिंसा का दोषी कौन?

भारत का विपक्षी दल किं कर्तव्य विमुढ हो गया है। स्वतंत्रता से लेकर अब तक राजनीतिज्ञ जिन बातों को उठाते रहे हैं वहीं महंगाई बेरोजगारी भूख गरीबी दहेज जैसे मुद्दे यह भी उठा रहे हैं जिनका कोई अस्तित्व नहीं है। महंगाई लगातार घट रही है गरीबी घट रही है भूख और दहेज समाप्त हो गए हैं बेरोजगारी भी धीरे-धीरे कम होती जा रही है इसके बाद भी विपक्ष इन्हीं असफल मुद्दों को आधार बनाकर चुनाव लड़ना चाहता है जबकि विपक्ष को वर्तमान समय में अपनी नीतियां बतानी चाहिए थी लेकिन विपक्ष यह सोच ही नहीं पा रहा है कि वह सरकार की किन नीतियों की आलोचना करें और उसका विकल्प क्या दे । यही कारण है कि विपक्ष कभी ईवीएम कभी वोट चोरी कभी और उटपटांग कुछ भी मुद्दे उछालता है जिसका ना कोई प्रभाव पड़ता है ना कोई अस्तित्व है। भारत में चुनाव आयोग पुराने समय में आज की तुलना में अधिक पक्षपात करता था उस समय आज की तुलना में कई गुना अधिक भूत कब्जा होता था वोट चोरी होती थी अब वह चोर लोग वर्तमान समय में अपनी पुरानी नीतियां लागू करना चाहते हैं यह कैसे उचित और संभव है। आपको यह बताना चाहिए कि हम वर्तमान नीतियों को बदलकर इस प्रकार की नीति लेंगे जो पुरानी नीतियों से भी अलग होगी और वर्तमान सरकार की नीतियों से भी अच्छी होगी जब तक आप नई नीतियां नहीं बताते तब तक आपको लगातार असफलता ही हाथ लगेगी। अब भारत की जनता यह सुनने के लिए तैयार नहीं है कि मेरा बाप लालू है मेरा बाप मुलायम था मेरा बाप राजीव था मेरे नाना नेहरु थे अब भारत की जनता आपसे कुछ जानना चाहती है कि आप क्या है आपकी नीतियां क्या है।

बजरंग मुनि

JNU फिर हुआ लाल

@ **अनुराग पाठक**

दिल्ली की सर्द हवाओं में इस बार फिर एक पुराना रंग लौट आया है लाल रंग। सत्ता की राजनीति भले भगवा लिबास में लिपटी हो, लेकिन शहर के बीचोंबीच एक किला अब भी वैसा ही है लाल झंडों वाला। नाम है जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी। और इस बार फिर वही हुआ जिसकी गूंज हर दशक में सुनाई देती रही है, लेफ्ट यूनिटी ने चारों पदों पर जीत दर्ज की है। नई अध्यक्ष बनी हैं अदिति मिश्रा, AISA से। यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि विचारों के अस्तित्व की पुनः पुष्टि है।

JNU सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं, एक विचार है। इसकी नींव 1969 में रखी गई थी, लेकिन यह अपने आरंभ से ही किसी शैक्षणिक संस्थान से अधिक रही है — यह विचारों की प्रयोगशाला है, जहां बहसें पाठ्यक्रम से बड़ी होती हैं और मतभेद ज्ञान का स्रोत बनते हैं। आपातकाल के अंधेरे में जब पूरे देश में खामोशी थी, तब इसी कैंपस से आवाज़ उठी थी कि "लोकतंत्र कोई तोहफ़ा नहीं, अधिकार है।" यही वह समय था जब JNU ने अपने भीतर वह चिंगारी पैदा की जो अब भी हर नई पीढ़ी को सोचने, सवाल करने और टकराने की हिम्मत देती है।यहां सरकारें बदलती हैं, सत्ता का रंग बदलता है, पर JNU की बहसों का तेवर नहीं बदलता। यह वह जगह है जहां असहमति देशद्रोह नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नब्ज मानी जाती है। जहां विचारों का विरोध संवाद में बदल जाता है, और संवाद आंदोलन में। जहां एक साधारण चाय की दुकान पर कश्मीर, मणिपुर, बेरोजगारी, क्लाइमेट चेंज ,सब पर घंटों बहस चल सकती है। JNU की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यह किसी मत या विचारधारा का बंधक नहीं, बल्कि विवेक की धरती है, जहाँ हर विचार का परीक्षण होता है।

साल 2001 में जब ABVP के संदीप महापात्र ने एक वोट से लेफ्ट के इस किले में सेंध लगाई थी, तब लगा था इतिहास बदल गया। लेकिन JNU की मिट्टी कुछ और कहती है - विचारों को हराया जा सकता है, मिटाया नहीं जा सकता। समय बीतता है, सरकारें बदलती हैं, नारे बदलते हैं, लेकिन JNU का आत्मा वही रहती है - असहमति की राजनीति और लोकतांत्रिक प्रतिरोध की चेतना।

JNU का यह चुनाव सिर्फ कैंपस की सत्ता का प्रश्न नहीं है। यह उस पीढ़ी की दिशा तय करता है जो देश की नीतियों को देखने और समझने का नजरिया गढ़ती है। जब संसद में एक ही आवाज गूंज रही हो, तो JNU के कोनों से दूसरी आवाज उठती है कि सवाल करने की। यही इस जगह की खूबसूरती है कि यह सत्ता से लड़ने के लिए नहीं, सत्ता से संवाद करने के लिए खड़ी होती है।

आज जब देशभर के विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति को या तो हाशिए पर धकेला जा रहा है या उसे खामोश किया जा रहा है, तब JNU का यह चुनाव यह याद दिलाता है कि असहमति लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है, कमजोरी नहीं। विचारों का यह किला फिर लाल हुआ है, लेकिन इस लाल रंग में कोई आक्रोश नहीं ,इसमें साहस है, चेतना है, और यह विश्वास कि बहस का अधिकार अब भी जीवित है।JNU की यह जीत सिर्फ AISA या लेफ्ट यूनिटी की नहीं, यह उन सबकी जीत है जो अब भी मानते हैं कि विश्वविद्यालय केवल पढ़ने की जगह नहीं होते , वे सोचने की जगह होते हैं। सत्ता चाहे संसद में किसी की भी हो, लेकिन JNU अब भी देश को यह सिखा रहा है कि लोकतंत्र केवल शासन नहीं, एक सतत संवाद है। और उस संवाद की लौ, अभी बुझी नहीं है ,वह अब भी जल रही है, JNU की पहाड़ियों पर, लाल झंडों के साथ।

जुबानी तीर

"स्वच्छ हवा का अधिकार एक मूलभूत मानव अधिकार है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे नागरिकों को अपराधी की तरह क्यों ट्रीट किया जा रहा है?

राहुल गांधी (नेशनल कांग्रेस पार्टी)

"4 हज़ार करोड़ रुपये प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च हुए लेकिन हवा की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं दिखा। सरकार आंकड़ों को छुपा रही है और हमारे फेफड़ों से खिलवाड़ कर रही है।

देवेन्द्र यादव (दिल्ली कांग्रेस प्रमुख)

"हम प्रदूषण-नियंत्रण के लिए तकनीक, सार्वजनिक भागीदारी और पारदर्शिता को अपनाकर काम कर रहे हैं। स्मॉग गन, जल छिड़काव और रियल-टाइम निगरानी इस अभियान के महत्वपूर्ण हिस्से हैं।

अशिष सूद
(दिल्ली शहरी विकास मंत्री, भाजपा)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. महिमा मक्कर द्वारा एच0टी0 मीडिया, प्लॉट नं. 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा-9 उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं जी. एफ. 5/115, गली नं. 5 संत निरंकारी कालोनी, दिल्ली-110009 से प्रकाशित । संपादकः महिमा मक्कर, RNI No. DELHI/2019/77252, संपर्क 011-43563154

विज्ञापन एवं वार्षिक सब्सक्रिप्शन के लिए ऑफिस के पते पर सम्पर्क करें या फिर इन नम्बरों - 9667793987 या 9667793985 पर बात करें या इस पर media@bharatshri.com ईमेल करें।

प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से बचने के आयुर्वेदिक उपाय

भारत में प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह गया है, यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है। हर साल सर्दियों के मौसम में दिल्ली और उत्तर भारत के कई शहर गैस चेंबर में बदल जाते हैं। हवा में तैरते सूक्ष्म कण PM 2.5 और PM 10 फेफड़ों तक पहुंचकर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा, एलर्जी, आंखों में जलन, सिरदर्द और यहां तक कि दिल की बीमारियों का कारण बनते हैं। आधुनिक विज्ञान इन बीमारियों का इलाज दवाओं से करता है, लेकिन आयुर्वेद मानता है कि शरीर को रोगों से बचाने के लिए पहले उसकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना जरूरी है।

आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। इसमें कहा गया है — “नित्यं हिताहारविहारसेवी।” यानी जो व्यक्ति अपने खानपान और दिनचर्या को संतुलित रखता है, उसे बीमारी छू भी नहीं सकती। प्रदूषण के इस दौर में आयुर्वेदिक दृष्टिकोण शरीर की सुरक्षा कवच बन सकता है।

प्रदूषण से शरीर पर असर

प्रदूषण का सबसे पहला प्रभाव श्वसन तंत्र पर पड़ता है। हवा में मौजूद धूल, धुआं, और जहरीले गैस कण श्वसन नलियों को सूजा देते हैं, जिससे सांस लेने में तकलीफ, खांसी, गले में जलन और छाती में भारीपन होता है। लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहे तो अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

आयुर्वेद के अनुसार ये समस्याएं “कफ” और “वात” दोष के असंतुलन से उत्पन्न होती हैं। प्रदूषण शरीर में जमा हुए इन दोषों को और बढ़ा देता है। इसलिए इलाज की शुरुआत इन्हें संतुलित करने से करनी चाहिए।

1. नस्य कर्म – नाक से सुरक्षा का कवच

आयुर्वेद में नस्य कर्म को प्रदूषण से बचाव का अत्यंत प्रभावी उपाय बताया गया है। इसमें औषधीय तेल की कुछ बूंदें नाक में डाली जाती हैं। इससे नाक की नसें साफ होती हैं और हवा के हानिकारक कण शरीर में प्रवेश नहीं कर पाते।

कैसे करें:

प्रतिदिन सुबह खाली पेट या नहाने के बाद नाक में 2-2 बूंद अनुतैलम या शदबिंदु तेल डालें।

हल्के हाथों से नाक के आस-पास मालिश करें।

लाभ:

यह उपाय नाक, गले और फेफड़ों को सुरक्षा देता है, एलर्जी और धूल के प्रति सहनशीलता बढ़ाता है।

2. त्रिफला और हल्दी – शरीर की अंदरूनी सफाई

त्रिफला (हरितकी, बिभीतकी, आंवला) शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालती है। यह एक प्राकृतिक डिटॉक्सिफायर है जो फेफड़ों और रक्त को शुद्ध करता है।

कैसे लें:

रात को सोने से पहले एक गिलास गुनगुने पानी के साथ आधा चम्मच त्रिफला चूर्ण लें।



हल्दी का उपयोग:

हल्दी में पाया जाने वाला कर्क्यूमिन प्रदूषण से उत्पन्न सूजन को कम करता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ाता है। सुबह खाली पेट एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी डालकर पीना फायदेमंद है।

3. तुलसी, अदरक और शहद – सांस के लिए वरदान

तुलसी फेफड़ों की सफाई करती है और शरीर में प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाती है। अदरक खांसी और बलगम को दूर करता है, जबकि शहद गले को कोमल बनाता है।

काढ़ा विधि:

एक गिलास पानी में तुलसी की 5 पत्तियां, 1 इंच अदरक और थोड़ा काली मिर्च डालकर उबालें। जब आधा रह जाए तो इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर सुबह-शाम पिएं।

लाभ:

यह काढ़ा फेफड़ों से धूल और विषाक्त तत्व निकालने में मदद करता है और गले की खराश, खांसी, नाक बंद जैसी समस्याओं को दूर करता है।

4. गिलोय और अश्वगंधा – रोग प्रतिरोधक क्षमता के प्रहरी

गिलोय को आयुर्वेद में “अमृता” कहा गया है क्योंकि यह रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ाती है। वहीं अश्वगंधा तनाव कम करने और शरीर की शक्ति बढ़ाने के लिए जानी जाती है।

कैसे लें:

सुबह खाली पेट गिलोय का रस 10 से 15 मिली पानी के साथ लें।

रात को दूध के साथ अश्वगंधा चूर्ण (1 चम्मच) लें।

लाभ:

यह संयोजन शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाकर प्रदूषण के असर को कम करता है।

5. भाप लेना और नेति क्रिया

भाप लेने से सांस नलियों में जमा धूल और बलगम निकल जाती है। इसमें आप यूकलिप्टस ऑयल या पुदीना तेल की कुछ बूंदें डाल सकते हैं।

सप्ताह में 2 से 3 बार “जल नेति क्रिया” करने से नाक की सफाई बनी रहती है और प्रदूषित हवा का असर कम होता है।

6. घर में शुद्ध हवा बनाए रखें

आयुर्वेद केवल औषधियों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनशैली में परिवर्तन पर भी जोर देता है।

घर में नीम, एलोवेरा, मनी प्लांट और स्नेक प्लांट जैसे पौधे लगाएं। ये प्राकृतिक एयर प्यूरीफायर हैं।

शाम को घर में गुग्गुल, लोबान या कपूर जलाना वातावरण को शुद्ध करता है।

नाक और मुंह ढककर बाहर जाएं, खासकर सुबह और शाम के समय जब प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक होता है।

7. भोजन में संतुलन

प्रदूषण के दौर में भारी, तला-भुना और ठंडा भोजन शरीर में विषाक्तता बढ़ाता है।

भोजन में हरी सब्जियां, आंवला, नींबू, गिलोय और हल्दी शामिल करें।

रोजाना गुनगुना पानी पीएं।

सर्दी के मौसम में तिल, गुड़ और घी का सेवन शरीर को पोषण और गर्मी देता है।

8. योग और प्राणायाम – फेफड़ों की मजबूती का सबसे बड़ा उपाय

आयुर्वेद और योग दोनों एक ही दर्शन के दो पहलू हैं।

अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और दीर्घ श्वास जैसे प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाते हैं और ऑक्सीजन का स्तर सुधारते हैं।

रोजाना सुबह खुली जगह पर योग करने से शरीर की कोशिकाएं शुद्ध होती हैं और मन शांत रहता है।

प्रदूषण से बचना पूरी तरह हमारे नियंत्रण में नहीं है, लेकिन उसका प्रभाव कम करना संभव है। आयुर्वेद बताता है कि शरीर तभी स्वस्थ रह सकता है जब उसका अंदरूनी संतुलन बना रहे। यदि हम अपनी दिनचर्या में नस्य कर्म, त्रिफला, गिलोय, योग और शुद्ध खानपान को शामिल कर लें तो प्रदूषण का असर काफी हद तक घटाया जा सकता है।

साफ हवा के लिए सरकार को कदम उठाने ही होंगे, लेकिन अपने शरीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी हर व्यक्ति की खुद की है। आयुर्वेद की यही सबसे बड़ी सीख है — प्रकृति से जुड़ो, वही सबसे बड़ा उपचार है।

महात्मा रामचरण जी का दिव्य जीवन

महात्मा रामचरण जी का जन्म और बाल्यावस्था

उस जीव का दुर्भाग्य अकथनीय है जो संसार की असारता जानते हुए भी, उसके संबंधों की क्षणभंगुरता समझते हुए भी, देह की नश्वरता देखते हुए भी, और सिर पर काल के नृत्य को महसूस करते हुए भी, भगवान का भजन नहीं करता। निर्गुण-सगुण से परे, निरंजन और सर्वजनरंजन, सर्वलोकलोकेश्वर राम के चरणारविंद-मकरंद का रसास्वादन जन्म-जन्मांतर के पुण्ययज्ञ का महाप्रसाद है। वह जीव धन्य है जो भगवान के चिंतन, ध्यान, मनन और स्मरण में आत्मविभोर रहता है। महात्मा रामचरण ऐसे ही उच्च कोटि के महात्मा थे, जो निरंतर राम की असीम समाधि में आत्मलीन रहते थे। वे रामसनेही संप्रदाय के उच्च कोटि के संत-महात्माओं में गिने जाते हैं। महाराष्ट्र में संत ज्ञानेश्वर, एकनाथ, रामदास और तुकाराम ने जो कार्य किया, वैसा ही कार्य राजस्थान में महात्मा रामचरण के हाथों संपन्न हुआ। रामसनेही संप्रदाय वैष्णव पंथ है। मारवाड़ में रखेड़ापा, मालवा में उज्जैन और मेवाड़ में शाहपुरा इसके मुख्य केंद्र हैं। रामचरण जी महाराज ने शाहपुरा को पवित्र किया था। शाहपुरा उनकी तपस्या से चिर गौरवान्वित है। रामसनेही संप्रदाय के अनुयायी राजस्थान और मध्य-भारत में अधिक पाए जाते हैं।

उस स्थान के लोगों का परम सौभाग्य है जहाँ के कण-कण संत-महात्माओं की उपस्थिति से प्रतिक्षण धन्य होते रहते हैं। वे लोग कितने पुण्यशाली होते हैं जहाँ संत जन्म लेते हैं। महाराज रामचरण का प्राकट्य राजस्थान में ढूंढाड़ मंडल के सोडा नामक ग्राम में संवत् 1776 विक्रमी की माघ शुक्ल चतुर्दशी को हुआ था। वे विजावर्गीय वैश्य कुल में पैदा हुए थे। उनके पिता बख्त राम जी बड़े गरीब थे। उनके संस्कार उच्च कोटि के थे। उनके सच्चरित्र ने रामचरण जी के जीवन-विकास को अत्यंत प्रभावित किया। रामचरण जी का बचपन का नाम रामकृष्ण था। वे बड़े होनहार और प्रतिभासंपन्न थे। माधु-संतों के प्रति उनके मन में स्वाभाविक प्रेम था। यद्यपि वे दूकान पर बैठे रहते थे, तथापि उनका मन भगवान के ध्यान में निरंतर लगा रहता था। रामनाम का उच्चारण सुनते ही वे प्रसन्नता से नाच उठते थे। एक दिन वे सो रहे थे, अचानक एक ब्राह्मण ने उनके चरण में वज्र का चिह्न देखा। वह आश्चर्यचकित हो गया कि ये तो महान संत हैं, इकतीस साल के हो जाने पर भी ये छिपे क्यों रह गए। रामकृष्ण की ममता राम में बढ़ती गई, सांसारिक प्रपंच और विषय विकार से उनका मन ऊबने लगा।

आध्यात्मिक जागरण और स्वप्न दर्शन

एक दिन दोपहर को वे दूकान पर बैठे थे। अचानक उनकी आँख लग गई। उन्होंने स्वप्न में देखा कि एक बहुत बड़ी नदी द्रुत गति से बह रही थी, उसमें वे स्नान कर रहे थे कि इतने में डूबने लगे। नदी के किनारे एक महात्मा खड़े थे। उन्होंने चिल्लाया 'बचाओ, बचाओ।' महात्मा ने उन्हें डूबने से बचा लिया। आँख खुलने पर नदी और महात्मा दोनों अदृश्य हो गए। रामकृष्ण जी ने स्वप्न की गंभीरता पर विचार किया कि यह संसार एक भयानक नदी के समान है, इसमें डूबते प्राणियों की रक्षा संत-महात्मा ही कर सकते हैं। उन्होंने दूकान को प्रणाम किया और स्वप्न में देखे हुए महात्मा की खोज में निकल पड़े। वनों में भटकते रहे, मठों को देखा पर उनको महात्मा न दीख पड़े। इस यात्रा में धीरे-धीरे उन्हें संसार की अनित्यता का बोध होने लगा। अंतःकरण निर्मल हो गया।

भगवान ही परमाश्रय है, यह बात उनके मन में बैठ गई। परिस्थितियों में विकट संघर्ष करते हुए वे मेवाड़ के दांतड़ा ग्राम में आ पहुँचे। वहाँ उन्हें कृपाराम जी संत का सत्संग प्राप्त हुआ था। उन्होंने संत के चरण में निवेदन किया कि महाराज, यह संसार मुझे काट खा रहा है। इसके विषय-सुख विष से भी कड़े हैं। इनमें शांति का सर्वथा अभाव है। मैं संसार के ताप से जल रहा हूँ। मुझे मुक्ति का पथ बताइए। कृपाराम जी महाराज ने सोचा कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि रामकृष्ण अपने घर में चिढ़ कर भाग आए हैं। उन्होंने घर लौट जाने की सलाह दी। पर रामकृष्ण की दृढ़ निष्ठा और वैराग्य-प्रवृत्ति से वे मंत्रदीक्षा देने के लिए विवश हो गए। उन्होंने योग्यता की परख की और भगवत्-तत्व का उपदेश दिया। रामकृष्ण का नाम संत की कृपा से रामचरण हो गया।

गुरु दीक्षा और साधना की शुरुआत

महाराज कृपाराम ने मंत्र रामचरण को रसोई का काम सौंपा। एक दिन वे भोजन बना रहे थे। चूल्हे में लकड़ी लगा रहे थे। एक लकड़ी में अनेक चींटियाँ थीं। आग के प्रकाश से वे लकड़ी में से निकल कर बिल की ओर भाग रही थीं। महात्मा रामचरण के हृदय में दया का स्रोत उमड़ पड़ा। 'महाराज' संसार आपके संपर्क में भी मेरा पीछा नहीं छोड़ता है। उन्होंने करुण स्वर से कृपाराम के सम्मुख आत्मोद्धार की प्रार्थना की। कृपाराम ने उनके मन का भाव समझ लिया। उन्होंने राममंत्र का उपदेश देकर एकांत में जाकर भजन-साधन करने का आदेश दिया।

रामचरण मिलवड़ी में आकर सम्यकपूर्वक भगवान राम का भजन करने लगे। उनकी ज्योति से आकृष्ट होकर अधिकाधिक संख्या में लोग उनका दर्शन करने के लिए आने लगे। शाहपुरा नरेश उनसे बहुत प्रभावित थे। वे उनसे कभी-कभी मिलने आया करते थे। उन्होंने महात्मा रामचरण से शाहपुरा में पधारने और निवास करने की प्रार्थना की। पहले तो संत रामचरण ने जाना अस्वीकार कर दिया पर बाद में राजा की श्रद्धा-भक्ति ने उनको विवश कर दिया। उन्होंने राजा से कहा कि मैं शाहपुरा में नदी के तट पर श्मशान में रहूँगा। संत रामचरण जी शाहपुरा के श्मशान में रहने लगे। उस स्थान पर उन्हें एक सिद्ध महात्मा की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वे उनकी सेवा में लग गए। संत ने रामचरण महाराज की सेवा से प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया कि तुम्हारे हाथ से जगत का उद्धार होगा। तुम्हारे संप्रदाय की निर्मल कीर्ति सौ साल तक निरंतर बढ़ती ही रहेगी।

तपस्या की ऊँचाइयाँ और राम-भक्ति

संत के स्वर्गवास के बाद रामचरण महाराज विकट तपस्या में लग गए। उन्होंने गूदड़-वेष धारण किया और पचीस साल तक तप करते रहे। तीन-तीन दिनों तक उनकी समाधि लगी रहती थी। समाधि-काल में उनके श्रीमुख से निकले पद शिष्य लोग लिख लिया करते थे। महाराज को जब इसका पता लगा तो उन्होंने पदनगह नदी में फेकवा दिया और प्रभु से क्षमा-प्रार्थना की कि मैं कुछ नहीं करता, सब कुछ (राम) आप करते हैं। यदि मुझमें करने का अभिमान हो जाए तो यह मेरी बहुत बड़ी भूल है। मना करने पर भी शिष्यों ने अमूल्य पद लिखना बंद न किया। रामचरण जी महाराज ने छत्तीस हजार से अधिक साखियों की रचना की। रामसनेही-पंथ में उनकी वाणी वेद के समान आदरणीय है। रामचरण जी महाराज निर्गुण रामतत्व के उपासक थे। उनकी गुरुनिष्ठा उच्च कोटि की थी। गुरुतत्व की महिमा का बखान उनके पदों और साखियों में अधिकता में मिलता है। वे अपने शिष्यों को निर्गुण राम-महामंत्र का उपदेश देते थे। निर्गुण-रामतत्व के संबंध में रामचरण महाराज की उक्ति है कि राम बड़े कृपालु हैं, वे जीव को अपनी भक्ति में प्रतिष्ठित कर समत्वयोग का दान देते हैं। उनकी वाणी है

"शिव सनकादिक शेष लो रटत न पावै अत ।
रामचरण बदन करै नमो निरञ्जन कत ।।"

महात्मा रामचरण जी महाराज रामसनेही संप्रदाय के मूलाचार्य स्वीकार किए जाते हैं। उन्होंने बाह्याचार के स्थान पर मानसी उपासना-अंतर्मुखी पूजा-पद्धति पर विशेष जोर दिया। इस संप्रदाय में आचरण और यति-जीवन के नियम कड़े हैं। अत्यंत संयत जीवन ही इस संप्रदाय के महात्माओं का ध्येय रहता आया है। रामचरण महाराज ने यति-धर्म-पालन को बड़ा महत्व दिया। उनकी अपने शिष्यों के प्रति सीख थी कि गुरु देव ही मुक्ति के साधन हैं। उनकी कृपा से जीव भवसागर के पार लग जाता है। उन्होंने अहिंसा को अपनाने की सीख दी। महाराज रामचरण ने कहा कि गुरु की सेवा करने से ही निर्गुण-निरंजन तत्व का अनुभव होना है, परम ज्योति का दर्शन प्राप्त होता है। गुरु में निष्ठा भाव करने से गोविंद मिलने ही हैं, इस उक्ति में संशय नहीं करना चाहिए। ऐसा उनका दृढ़ मत था। शिष्यों के प्रति उनकी उक्ति है

"प्रथम कीजे गुरु की सेवा । ता सग लहे निरजन देवा ।।"

"प्रथम गुरु सू भाव बढावे । गुरु मिलिया गुविन्द कु पावे ।।"

रामचरण महाराज ने राम-नाम को ही जागीर माना। उनके शिष्यों में योगिराज रामजन जी महाराज असाधारण कोटि के संत थे।

समाधि और स्मृति

रामचरण महाराज ने शाहपुरा में ही संवत् 1855 विक्रमी की वैशाख कृष्ण पंचमी को शरीर त्याग दिया। ऐसा कहा जाता है कि महाराज का शरीर जब चिता पर उठा कर रखा जा रहा था तब उठाते समय शरीर में से रामनाम की ध्वनि हुई और उससे समस्त वातावरण आलोकित हो उठा। चिता में महाराज की माला और कौपीन को आग ने तनिक भी स्पर्श नहीं किया। शाहपुरा में उनकी संगमरमर की समाधि है। प्रतिवर्ष फाल्गुन में उनकी समाधि पर बहुत बड़ा मेला लगता है। रंगपंचमी से ही संतों की मंडली आने लगती है और रामनवमी को वे अपने-अपने स्थान के लिए चल पड़ते हैं। उत्सव का विशेष आयोजन रहता है और संतों को आदरपूर्वक विदा किया जाता है। महाराज रामचरण की समाधिस्थली का नाम राम-निवास है। इस स्थान पर सदा तीन-चार सौ साधु-महात्मा रहा करते हैं। रामचरण जी महाराज साकार वैराग्य और तप थे।

रचनाएं

रामचरण महाराज की प्रसिद्ध रचनाओं में 'नामप्रताप' और 'शब्द-प्रकाश' विशेष उल्लेखनीय हैं।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

ना भोजन, ना जल, फिर भी जिंदा जोश

180 दिन का तप जिसने असंभव को संभव बना दिया

@ मनीष पांडेय

भारत की आध्यात्मिक परंपरा में तप का अर्थ केवल उपवास या संयम नहीं होता, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण की प्रक्रिया होती है। सदियों से साधक अपने मन और शरीर की सीमाओं को पार कर उस ऊँचाई तक पहुँचने का प्रयास करते रहे हैं जहाँ केवल शांति और संतोष का अनुभव होता है। इसी परंपरा के एक अनोखे अध्याय के रूप में उभरे हैं जैन मुनि हंसरत्न सूरीश्वर जी महाराज, जिन्होंने वह कर दिखाया जो असंभव समझा जाता है। उन्होंने लगातार 180 दिनों तक बिना अन्न और जल ग्रहण किए कठोर तप साधना की और यह सब उन्होंने आठवीं बार किया है।

साधना के लिए भोजन पर नियंत्रण क्यों जरूरी ?

हंसरत्न सूरीश्वर जी का मानना है कि जैन परंपरा में जब कोई व्यक्ति दीक्षा लेता है, तो वह अपने भीतर के शत्रुओं को जीतने की प्रतिज्ञा करता है। ये शत्रु हैं क्रोध, अहंकार, माया और लोभ। मुनि कहते हैं कि दीक्षा का अर्थ केवल सन्यास लेना नहीं है, यह आत्मा को पवित्र करने की यात्रा है।उनका विश्वास है कि जैसा अन्न, वैसा मन। यदि व्यक्ति का भोजन सादा और सात्विक होगा तो उसका मन शांत रहेगा। यही कारण है कि जैन साधना में भोजन पर नियंत्रण को बहुत महत्व दिया गया है। यह केवल खाने से परहेज नहीं, बल्कि अपनी इंद्रियों और मन पर विजय प्राप्त करने का मार्ग है।

कठिन व्रत का रहस्य

जब लोग पूछते हैं कि इतनी लंबी अवधि तक बिना भोजन के रहने की शक्ति उन्हें कहाँ से मिलती है, तो मुनि हंसते हुए कहते हैं, यह ईश्वरीय कृपा और गुरु का आशीर्वाद है।वे बताते हैं कि जैन दीक्षा स्वयं में एक तपस्या है। इसमें साधक नंगे पैर चलता है, जो मिले उसी को ग्रहण करता है और दिन में लगभग बारह घंटे स्वाध्याय करता है।इस व्रत के दौरान न केवल शरीर, बल्कि मन को भी अनुशासित रखना पड़ता है। उनका कहना है कि साधना तभी सफल होती है जब मन पूरी तरह से दृढ़ हो। जैन मुनि के मुताबिक जब मन यह तय कर ले कि पारणा नहीं करना है, तो शरीर अपने आप उसी के अनुसार ढल जाता है।

जब विज्ञान भी रह गया मौन

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक महीने से अधिक बिना भोजन के जीवित नहीं रह सकता। लेकिन जैन मुनि कहते हैं कि शरीर मन का दास है। अगर मन संयमित हो जाए, तो शरीर की आवश्यकताएँ अपने आप घट जाती हैं।वे कहते हैं, खाना और नींद दोनों बढ़ाने से बढ़ते हैं और घटाने से घटते हैं।अगर कोई व्यक्ति पाँच घंटे सोने की आदत डाल ले, तो उसका शरीर उसी में संतोष पा लेता है। उसी तरह अगर कोई एक बार भोजन करता है, तो उसे केवल एक बार भूख लगती है।हंसरत्न सूरीश्वर जी मानते हैं कि उपवास शरीर को नहीं, आत्मा को बल देता है। यह केवल भूख पर नियंत्रण नहीं बल्कि इच्छाओं पर विजय का अभ्यास है।

बाल मुनि से मिली प्रेरणा

मुनि एक पुराना प्रसंग याद करते हैं। जब वे युवा थे, उन्होंने एक आठ वर्ष के बाल मुनि को देखा जिसने दीक्षा लेने के बाद तीस दिन का उपवास किया। उस क्षण ने उनके भीतर कुछ बदल दिया। उन्होंने सोचा कि जब एक बच्चा यह कर सकता है, तो मैं क्यों नहीं।यही विचार उनके जीवन की दिशा बन गया। उन्होंने स्वयं 30 दिन का उपवास किया और सफलता पाई। उस पहले तप ने उनके भीतर ऐसी शक्ति भर दी जो आगे चलकर 180 दिन की साधना में बदल गई।मुनि बताते हैं कि इस साधना में चमत्कार कुछ नहीं, केवल मन की शक्ति है। जब साधक अपने विचारों को स्थिर कर लेता है, तो शरीर की मांगें अपने आप कम हो जाती हैं। भूख, प्यास और थकान सब मन की ही आदतें हैं।जब आत्मा जागती है तो शरीर उसकी आज्ञा मानने लगता है,वे मुस्कुराते हुए कहते हैं।उनके अनुसार, हर व्यक्ति के भीतर वही ऊर्जा है जो किसी साधु के भीतर होती है। फर्क सिर्फ इतना है कि कोई उसे पहचानता है, और कोई उसे भूल जाता है।

खुद से दुनिया तक

जैन धर्म का सार है अहिंसा, संयम और आत्मविजय।हंसरत्न सूरीश्वर जी की साधना केवल व्यक्तिगत मुक्ति के लिए नहीं थी। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि आज का मनुष्य बाहरी उपलब्धियों में इतना उलझ गया है कि खुद के भीतर झाँकना भूल गया है।वे कहते हैं, शांति पाने के लिए हमें बाहर नहीं, भीतर देखना होगा। जब तक मन पर नियंत्रण नहीं होगा, तब तक किसी भी संघर्ष में सच्ची जीत नहीं मिल सकती।उनकी साधना यह सिखाती है कि सुख का असली स्रोत भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मा की शांति में है।

लंबी साधना के बाद भी चेहरे पर थकान नहीं

जब 180 दिन बाद मुनि ने अपना व्रत पूरा किया तो देखने वाले स्तब्ध रह गए। इतनी लंबी साधना के बाद भी उनके चेहरे पर थकान नहीं, बल्कि एक अद्भुत तेज और संतोष था। वे बोले, "यह शरीर नहीं, आत्मा का विजय उत्सव है।

जब मन शांत होता है, तब कोई कठिनाई बड़ी नहीं लगती।हंसरत्न सूरीश्वर जी की साधना हमें यह सिखाती है कि संयम केवल साधुओं के लिए नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है।जो अपने मन और इच्छाओं को नियंत्रित कर लेता है, वह जीवन की किसी भी चुनौती को पार कर सकता है।

आज जब दुनिया भोग और उपभोग की अंधी दौड़ में है, मुनि का यह तप हमें याद दिलाता है कि सच्ची स्वतंत्रता भीतर से आती है, जब हम अपने विचारों और इच्छाओं के स्वामी बन जाते हैं।जैन मुनि हंसरत्न सूरीश्वर जी की 180 दिन की तप साधना केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि मानव क्षमता की गहराई का प्रमाण है।यह कहानी बताती है कि असली शक्ति शरीर में नहीं, मन में होती है। जब आत्मा जागती है, तो असंभव शब्द अपना अर्थ खो देता है।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री



जगद्गुरु श्री कुमार स्वामी जी के सान्निध्य में देवी तालाब मंदिर में शुरू हुई भव्य कार सेवा

राज्यपाल से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री तक हुए नतमस्तक

सिद्ध पीठ श्री देवी तालाब मंदिर, जालंधर में रविवार को भव्य कार सेवा की शुरुआत श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के माहौल में की गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर जगद्गुरु महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी जी की पावन उपस्थिति ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया।मंदिर प्रांगण में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने एक स्वर में जय माता दी और महाब्रह्मऋषि श्री कुमार स्वामी जी की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।जगद्गुरु श्री कुमार स्वामी जी ने कार सेवा का शुभारंभ किया और माता का विधिवत पूजन किया।

इस अवसर पर देश की कई जानी-मानी हस्तियाँ उपस्थित रहीं

